भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 895
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

सस्ती क्षेत्रीय हवाई सेवाओं का वापस लिया जाना

895. श्री सौमेंदु अधिकारीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि विभिन्न निजी एयरलाइनों ने देश में उड़ान योजनाओं के तहत अपनी सस्ती क्षेत्रीय हवाई सेवाओं को वापस ले लिया है, जिससे आपातकालीन चिकित्सा और तीर्थयात्रा आवश्यकताओं सहित विभिन्न सेवाएं प्राप्त करने में लोगों को असुविधा हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार हल्दिया में हवाई अड्डा स्थापित करने या एयरफील्ड सेवाएं शुरू करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) **:** कोविड-19 महामारी, विमान की कमी, आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं, विमान अनुरक्षण, हवाईअड्डा/रनवे रखरखाव, कुछ मार्गों पर कम यात्री मांग आदि जैसे विभिन्न कारकों के कारण 3 साल का कार्यकाल पूरा करने से पहले ही एयरलाइनों द्वारा कुछ उड़ान मार्गों को बंद कर दिया गया था।

(ख) और (ग) **:** पश्चिम बंगाल राज्य सरकार ने उड़ान योजना के तहत इसे शामिल करने के लिए हल्दिया में किसी भी हवाई पट्टी के होने का संकेत नहीं दिया है और न ही ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति 2008 के तहत हल्दिया में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

*****